# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–25 अक्टूबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे। इससे पहले उन्होंने महराजगंज जिले में नौ सौ चालीस करोड़ रुपये की पांच सौ पांच विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की विकासपरक सोच के कारण आज देश विकास के पथ पर अग्रसर है। केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर प्रदेश में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है । विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात महराजगंज जनपद को भी प्राप्त हुई है ।

मुख्यमंत्री ने चौक बाजार में योगी गंभीरनाथ की प्रतिमा का अनावरण किया। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि योगी गंभीरनाथ जी योग परम्परा के वाहक थे और चौक बाजार से उनका गहरा जुड़ाव था। केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

मुख्यमंत्री ने चौक बाजार नगर पंचायत कार्यालय और पीपीपी मॉडल पर महराजगंज जिले में बने केएमसी मेडिकल कॉलेज का भी उद्‌घाटन किया । साथ ही उन्होंने नौ करोड़ पचपन लाख रूपये की लागत से निर्मित महंत दिग्विजयनाथ बहुउद्देश्यीय इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण किया। इसके बाद गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया । वह कल गोरखपुर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निवेश लाने वाले और क्रेडिट डिपाजिट रेशियो बढ़ाने वाले कमिश्नर और डीएम के प्रयासों को उनके वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट–एसीआर में दर्ज करने का फैसला लिया है। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने आज इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कमिश्नर और डीएम को अपने क्षेत्र में निवेश लाने के प्रयासों की रिपोर्ट बनानी होगी। साथ ही इन अधिकारियों को हर साल अप्रैल में अपने जिले का सीडी रेशियो बताया जाएगा ताकि वह निवेश बढ़ाने के प्रयासों को और भी बेहतर बना सकें।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए नामांकन अबसे थोड़ी देर पहले समाप्त हो गया । आज आखिरी दिन अलग अलग सीटों के लिए विभिन्न दलों के प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। प्रयागराज में फूलपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने पर्चा भरा। इस मौके पर भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी मौजूद रहे। अम्बेडकरनगर के कटेहरी सीट से भाजपा प्रत्याशी धर्मराज निषाद के पर्चा दाखिला कार्यक्रम में भाजपा नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने हिस्सा लिया । मैनपुरी जिले के करहल सीट पर भाजपा प्रत्याशी अनुजेश यादव ने नामांकन किया। इस मौके पर भाजपा नेता और प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण मौजूद रहे। मिर्जापुर जिले के मझवां सीट से भाजपा प्रत्याशी सुचिष्मिता मौर्य और समाजवादी पार्टी से ज्योति बिंद ने नामांकन दाखिल किया। इसके अलावा वहां से आधा दर्जन से अधिक अन्य प्रत्याशियों ने भी नामांकन भरा। मुजफ्फरनगर जिले के मीरापुर सीट से राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी मिथिलेश पाल ने पर्चा भरा । इस मौके पर प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल कुमार समेत कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

**********

गोरखपुर के रामगढ़ताल में चल रही सब जूनियर नेशनल रोइंग चौम्पियनशिप प्रतियोगिता में आज अट्ठाइस टीमों के बीच क्वार्टर फाइनल का मैच खेला गया। इनमें से सेमीफाइनल में पहुंचीं चौदह टीमों के बीच मुकाबला हो रहा है। फाइनल मैच कल खेला जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मैच के विजेताओं को पुरस्कृत करेंगे।

**********

मलेशिया के क्वेस्ट इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी और गोरखपुर के महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के बीच शैक्षणिक और अनुसंधान क्रियाकलापो को बढ़ावा देने के लिये आज समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान–प्रदान किया गया। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने संस्थानों के बीच समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि इस एमओयू से दोनों विश्वविद्यालय शैक्षणिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण गतिविधियों के प्रचार– प्रसार को एक नई दिशा देंगे।

**********

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के निकट स्थित प्रसिद्ध अन्नपूर्णा मंदिर में इस बार भी श्रद्धालु पांच दिनों तक दर्शन कर सकेंगे। यह जानकारी मंदिर के महंत शंकर पुरी ने आज संवाददाताओं से बातचीत में दी। उन्होंने बताया कि मंदिर में धनतेरस के दिन स्वर्णमयी अन्नपूर्णा के विग्रह दर्शन के साथ साथ भक्तों को खजाने के रूप में सिक्कों का वितरण भी किया जाएगा। आगामी उन्तीस अक्टूबर को धनतेरस के दिन मंदिर का कपाट एक घंटा पहले खोल दिया जाएगा।

**********

रेल मंत्रालय दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए सात हजार विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन कर रहा है। रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने नई दिल्ली में कल कहा कि पिछले वर्ष साढ़े चार हजार विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन हुआ था।

**********